बच्चों के हक पर लापरवाही की मार! कहीं ताले, तो कहीं नहीं मिला खाना

▶ आंगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण में सामने आई भारी लापरवाही

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले में आंगनवाड़ी केन्द्रों की व्यवस्था उस समय कटघरे में आ गई, जब वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में भारी अव्यवस्थाएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान कई केन्द्रों पर कार्यकर्ता और सहायिकाएं अनुपस्थित मिलीं, वहीं कई स्थानों पर बच्चों को न तो नाश्ता मिला और न ही भोजन। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर हुए इस निरीक्षण की जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि परियोजना बाजना के अंतर्गत संदला-1 और परियोजना सैलाना के अंतर्गत बल्लापाड़ा आंगनवाड़ी केन्द्र बंद पाए गए। दोनों ही स्थानों पर कार्यकर्ता अनुपस्थित थीं, जिससे व्यवस्थाओं की पोल खुल गई।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि पर्यवेक्षकों द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं रखा जा रहा है। इस पर परियोजना बाजना की पर्यवेक्षक श्यामा सिंगाड़ और सैलाना की पर्यवेक्षक अनिता खांदल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

सबसे गंभीर स्थिति भोजन व्यवस्था को लेकर सामने आई। बल्लापाड़ा केन्द्र पर सूरज स्वयं सहायता समूह द्वारा बच्चों को न तो नाश्ता दिया गया और न ही भोजन उपलब्ध कराया गया। इसके चलते आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजु विश्राम और सहायिका कृष्णा प्रभुलाल को भी नोटिस जारी किया गया है।

इसके अलावा धनजीबाई का नोहरा (रतलाम शहर-2), बरसी (आलोट), भैसा डावर (रतलाम ग्रामीण-2) और हेवतखेड़ा (जावरा ग्रामीण) केन्द्रों पर भी बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार ताजा पका हुआ भोजन नहीं दिया जा रहा था।

इस पूरे मामले में विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए चार परियोजना अधिकारियों—अर्चना माहौर, अंकिता पाटीदार, मोनिका शुक्ला और फिरदौस खान—को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि बच्चों के पोषण और देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

निरीक्षण में बंद मिले केन्द्र, मांगा जवाब

जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ केन्द्रों पर आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका अनुपस्थित पाई गई एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा भोजन समय पर प्रदाय नहीं किय जा रहा था। कार्य में लापरवाही बरतने के कारण 4 परियोजना अधिकारी, 2 सुपरवायजर, 1 आंगनवाडी कार्यकर्ता, 1 सहायिका एवं सूरज स्व सहायता समूह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार किए गए निरीक्षण की जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान परियोजना बाजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र संदला-1 तथा परियोजना सैलाना के अंतर्गत बल्लापाड़ा आंगनवाड़ी केन्द्र बंद पाए गए एवं दोनों ही केन्द्रों पर कार्यकर्ता अनुपस्थित थी। परियोजना बाजना पर्यवेक्षक श्यामा सिंगाड़ एवं परियोजना सैलाना पर्यवेक्षक अनिता खांदल द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिका के कार्यो पर पर्याप्त नियंत्रण नही रखे जाने के पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया।

इन्हें भी दिया कारण बताओं नोटिस

इन्हें भी दिया कारण बताओं नोटिस परियोजना अधिकरी रतलाम शहर 2 अर्चना माहौर, परियोजना अधिकारी जावरा ग्रामीण अंकिता पाटीदार, प्रभारी परियोजना अधिकारी आलोट मोनिका शुक्ला, प्रभारी परियोजना अधिकारी रतलाम ग्रामीण 2 फिरदौस खान द्वारा केन्द्र का संचालन नियमानुसार एवं संतोषजनक नहीं होने पर कारण बताओ सूचना पर जारी किया गया।

रामनवमी पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

▶ रामभक्ति की गूंज, इंद्रलोक नगर से सजेगा आस्था का रंग

रतलाम। शहर में श्री रामनवमी का पर्व इस वर्ष भी हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। पिछले सात वर्षों से इंद्रलोक नगर से निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा इस बार भी पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित की जाएगी।

आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसे और आकर्षक बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस संबंध में श्री राम नवमी महोत्सव समिति एवं क्षेत्रीय नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें शोभा यात्रा की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति सदस्यों ने आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिम्मेदारियां भी तय कीं। यह शोभा यात्रा 26 मार्च 2026 को शाम 5 बजे इंद्रलोक नगर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा में आकर्षक रामरथ के साथ विभिन्न झांकियां, बैंड, डीजे, ढोल, घोड़ी, ऊंट और आर्केस्ट्रा शामिल होंगे। साथ ही बाल हनुमान की टोली विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी, जो श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार करेगी। आयोजन समिति ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था प्रकट करें और शोभा यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत व सत्कार करें। शोभा यात्रा इंद्रलोक नगर से प्रारंभ होकर अलकापुरी सहित प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्री राम मंदिर पहुंचेगी, जहां महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

एक नजर में

जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक 26 को

रतलाम। सहायक आयुक्त एवं सदस्य सचिव जनजातीय कार्य विभाग रंजना सिंह ने बताया कि अनुसुचित जाति/जनजातीय अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में 26 मार्च गुरूवार को सायं 3.30 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ कार्यक्रम का आज

रतलाम। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि रतलाम जिले के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर 24 मार्च मंगलवार को बाल चौपाल दिवस के दौरान प्रात: 10 बजे से ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रो में पंजीकृत 5 से 6 साल के कुल 25035 बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त करने के रूप में विद्यारंभ प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक आगंनवाडी केंद्र पर किया जाएगा।

मामा बालेश्वर दयाल जल मंदिर का शुभारंभ

सैलाना। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को नगर की चाणक्य और चंद्रशेखर आजाद शाखा के स्वयंसेवकों ने गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए मरीजों व उनके परिजनों को आरओ युक्त जल उपलब्ध कराने का संकल्प लेते हुए मामा बालेश्वर दयाल जल मंदिर का शुभारम्भ किया। इस सेवा प्रकल्प के माध्यम से नगर के चिकित्सालय में आने वालों को ठंडा और आरओ वाला जल मिलना संभव हो सकेगा। स्वयंसेवकों ने बताया कि आज विश्व जल दिवस के अवसर पर ये नया प्रकल्प शुरू कर नव संकल्प लिया है। जिसे आगे भी विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान रोगी व उनके परिजनों को फलों का वितरण भी किया गया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ शैलेश डांगे ,बीईई कैलाश यादव और बीपीएम, कर्मचारियों, रोगियों के परिजनों ने पहल की सराहना की।

बिबडोद नवयुवक मंडल परिवार की साधारण सभा में दिलीप लोढ़ा अध्यक्ष, हेमंत कोठारी सचिव बने

रतलाम। बिबडोद नवयुवक मंडल रतलाम मे निरंतर 40वर्षो से धार्मिक, सामाजिक, एवं रचनात्मक कार्य से सेवा कर रहा है जिसके कारण नगर अपनी पहचान क़ायम कर चुका है । मंडल का नवीन पदाधिकारीयों का गठन किया गया जिसमे सर्वानुमति से अध्यक्ष दिलीप लोढ़ा एवं सचिव हेमंत कोठारी बनाये गये उपाध्यक्ष विमल गूगलिया कोषाध्यक्ष संजय चोपड़ा सहसचिव मुकेश तातेड बनाये गए मंडल मार्गदर्शक हिम्मत कोठारी संरक्षक लालचंद सुराणा, ललित कोठारी, अशोक चौटाला संयोजक जयंतीलाल भरगट, प्रदीप पोखरना, स्तम्भ संजय भंडारी, शैलेन्द्र लालन एवं कार्यकारणी मे आकाश कोठारी,गजेंद्र मेहता, अभय गूगलिया, चाँदप्रकाश मेहता सोनिल लालन,रजत लोढ़ा, संदीप चौहान, उत्तम कटारिया, मनीभद्र भंडारी, जीतेन्द्र चोपड़ा, शुभम कटारिया, सिदार्थ कोठारी, दीपक भरगट, प्रदीप डांगी, नीलेश पोरवाल, सौरभ भंडारी,सुनील चोरडिया, देवेंद्र दरबार, उमेश पावेचा, पंकज श्री माल बनाये गये। महिला मंडल परिवार मे सुधा भंडारी, विभा लालन, पिस्ता लोढ़ा, प्रभा कोठारी, प्रभा भरगट, शशी चौहान, नीतू श्री माल, ममता चोपड़ा,नीलिमा पोरवाल,बबिता चोरडिया, प्रियंका कोठारी, मलका तातेड, माधुरी चौपडा, नेहा भरगट, प्रीति जैन, चांदनी पावेचा को लिया गया । प्रथम पारिवारिक सभा मे पधारे अतिथियों ललित कोठारी, अशोक चौटाला, प्रितेश गादिया, प्रदीप पोखरना का स्वागत मंडल पदाधिकारीयों ने किया कार्यक्रम का संचालन हेमंत कोठारी एवं आभार जीतेन्द्र चोपड़ा ने किया।

भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु को लालमाता चौराहे पर दी श्रद्धांजलि

जावरा । भारतीय स्वतंत्रता के आंदोलन में अनेको वीरों ने अपनी शहादत दी, उन सभी की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता। उसी आंदोलन मे भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु ने ब्रिटिश शासन को दांतो तले उंगलियां दबाते हुए अपनी शहादत दी। उन्ही की शहादत को नमन करने के लिए गांव चिकलाना लालमाता चौराहे पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्रसिंह चंद्रावत, सरपंच प्रतिनिधि गट्टुसिंह चंद्रावत, भेरूलाल पटेल,भरत मालवीय, भंवर मालवीय, सोहनलाल धनौलिया, गजरासिंह चंद्रावत,महेशचंद्र रावल, जितेंद्रसिंह, चंद्रावत, राम प्रहलाद पाटीदार, नागुसिंह सहित गांव के अनेक गणमान्य ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

9 दिनी सामूहिक ओलीजी तप आराधना कल से

जावरा। श्री राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर पेढ़ी ट्रस्ट जावरा के तत्वावधान में 25 मार्च मिती चेत्र सुदी सप्तमी से सकल श्वेताम्बर जैन समाज की 46 वी नो दिवसीय सामूहिक ओलीजी तप आराधना का आयोजन संपन्न होगा।

3 अप्रैल को सभी ओलीजी आराधको के सामूहिक पारणे संपन्न होंगे। इस ओलीजी का लाभ गुप्त लाभार्थी महानुभाव द्वारा लिया गया है। श्री राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर पेढ़ी ट्रस्ट महामंत्री सर्राफ प्रकाश कांठेड़ एवं कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र पोखरना ने बताया की इस तप आराधना में स्थानीय एवं आसपास के अंचल के लगभग 200 तपस्वी भाग लेंगे। उक्त आयोजन में सकल श्वेताम्बर समाज के 25 महिला, नवयुवक, तरुण मंडल के सदस्य अपनी सेवाएं व्यवस्था व परोसगारी में सहयोग प्रदान करेंगे। उक्त आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध अजीत चत्तर, प्रकाश चौरडिया मामटखेडा, प्रदीप चोधरी, अनिल पोखरना, पंकज कांठेड़, महावीर छाजेड़,अशोक झामर, सुभाष टुकडिया, शांतीलाल दुग्गड, दिलीप पगारिया, अतुल कोचर, अशोक नवलक्खा, राजेश बरमेचा, प्रदीप लुक्कड, सुमित दसेड़ा, रुपेश सिसोदिया, पुखराज चत्तर, सुरेन्द्र सुराणा कवर सा, श्रेणिक चौहान, विमल चपडोद आदी ने किया।

9 माह में 92 .56 लाख की ठगी की धनराशि लोगों को लौटाई

▶ रतलाम सायबर सेल की बड़ी उपलब्धि

नवभारत न्यूज

रतलाम। ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में पीड़ितों को राहत दिलाने हेतु रतलाम पुलिस की सायबर सेल द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। सायबर सेल ने जुलाई 2025 से फरवरी 2026 तक कुल 96 लाख 56 हजार की ठगी गई राशि फरियादियों के खातों में वापस दिलाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

एसपी अमित कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों एवं जिला सायबर सेल को निर्देशित किया गया है कि फाइनेंशियल फ्रॉड से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में सायबर सेल द्वारा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित रिस्पॉन्स दिया जा रहा है। सायबर सेल द्वारा हेल्पलाइन एवं प्राप्त आवेदनों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक खातों को फ्रीज कराया गया तथा विधि अनुसार राशि वापस दिलाने की प्रक्रिया अपनाई गई। रतलाम पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या निकटतम पुलिस थाने में सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर राशि को सुरक्षित किया जा सके।

सराहनीय भूमिका: इस कार्रवाई में निरीक्षक अमित कोरी, उप निरीक्षक जीवन बारिया, प्रधान आरक्षक हिम्मत सिंह, आरक्षक मोर सिंह डामोर एवं आरक्षक राहुल पाटीदार की सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस टीम ने वर्षवार कार्रवाई

- वर्ष 2025 में (जुलाई से दिसंबर तक)— 51,89,424 राशि फरियादियों के खाते में लौटाई
- वर्ष 2026 (जनवरी-फरवरी) — ?40,66,632 राशि लौटाई

कुल राशि —92,56,000 (बानवे लाख छप्पन हजार रुपये)

नीमच से इन्दौर तक आईसीएफ कोच से ग्रीष्मकालीन ट्रेन चलाएं

रतलाम। ग्रीष्मकाल के दौरान बढ़ते यात्री दबाव को देखते हुए रतलाम-चंद्रावतीगंज मार्ग से नीमच से डॉ. अंबेडकर नगर (इंदौर) तक विशेष ग्रीष्मकालीन पैसेंजर ट्रेन संचालित किए जाने की मांग उठी है।

इस संबंध में पश्चिम रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य दिलीप पाटनी ने महाप्रबंधक, पश्चिम रेलवे एवं रतलाम रेल मंडल प्रबंधक को पत्र लिखकर आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है। श्री पाटनी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि रतलाम जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशन से चंद्रावतीगंज होते हुए इंदौर के लिए ग्रीष्मकाल में यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। वर्तमान में संचालित डेमू ट्रेन सेवाएं इस बढ़ते दबाव के अनुरूप पर्याप्त नहीं हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि नीमच से प्रात:काल विशेष ग्रीष्मकालीन पैसेंजर ट्रेन चलाई जाए, जो सुबह 7:30 बजे रतलाम पहुंचे तथा लगभग 10:00 बजे इंदौर पहुंचे। इसी प्रकार वापसी में यह ट्रेन इंदौर से शाम करीब 6:00 बजे रवाना होकर चंद्रावतीगंज होते हुए रतलाम पहुंचे। श्री पाटनी ने यह भी बताया कि डेमू रैक की लंबे समय से कमी बनी हुई है, इसलिए इस प्रस्तावित विशेष ट्रेन का संचालन आईसीएफ कोच के माध्यम से किया जाना अधिक व्यावहारिक रहेगा, क्योंकि पश्चिम रेलवे के पास इन कोचों की पर्याप्त उपलब्धता है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने किया मॉक ड्रिल का आयोजन

रतलाम। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पाइप लाइन विभाग, द्वारा कोयली-रतलाम पाइपलाइन की सुरक्षा तैयारियों का आकलन करने हेतु आज 23 मार्च को ग्राम बिबडोद रतलाम में पाइपलाइन के 247 किलोमीटर (चेनाज) बिंदु पर ऑफ-साइट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान तेल रिसाव की आपात स्थिति का अभ्यास किया गया। सूचना प्राप्त होते ही सहायक प्रबंधक एवं उनकी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का त्वरित आकलन किया। टीम द्वारा क्षेत्र की बैरिकेडिंग कर उसे सुरक्षित किया गया तथा आसपास उपस्थित ग्रामीणों एवं कामगारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। फायर ब्रिगेड एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी तत्काल मौके पर बुलाया गया। प्राथमिक उपचार प्रदान करने के पश्चात घायल व्यक्ति को निकटतम अस्पताल भेजा गया। पुलिस एवं प्रशासन की टीम ने भी समय पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, फायर ब्रिगेड, एस डी ई आर एफ एवं इंडियन ऑयल की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा उत्कृष्ट समन्वय और तत्परता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि माकड्रील निरंतर करते रहना चाहिए, इससे आपदा की तैयारियो एवं संसाधनों का निरंतर अभ्यास होता है। जिससे आपदा के समय क्विक रिस्पांस एवं आपसी समन्वय से राहत कार्य आसानी से करने मे मदद मिलती है। मॉकड्रिल डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड रोशनी बिलवाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को पाइपलाइन सुरक्षा, आपातकालीन परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों एवं आवश्यक सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

'दाजी' ने कराया प्राणाहुति आधारित ध्यान अनुभव

▶ तीर्थंकर ऋषभदेवजी द्वारा प्रवर्तित प्राणाहुति पर केन्द्रीत ध्यान सत्र का आयोजन

नवभारत न्यूज

रतलाम। सुक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री एवं वर्ल्ड जैन कॉन्फेडरेशन के चैयरमेन चेतन्य काश्यप ने हार्टफुलनेस केन्द्र रतलाम के सहयोग से श्रीजी पैलेस में तीर्थंकर ऋषभदेवजी द्वारा प्रवर्तित प्राणाहूति पर आधारित ध्यान की अनुभूति का विशेष सत्र आयोजित किया।

इसमें हार्टफुलनेस संस्था के वैश्विक मार्गदर्शक पद्म भूषण कमलेश डी.पटेल ''दाजी'' ने विशिष्ट ध्यान की अनुभूति कराई। उन्होंने इससे पहले कहा कि जैनत्व सभी धर्मों का मूल है। तीर्थंकर ऋषभदेवजी का भगवान राम की 73वीं पीढ़ी का रिश्ता रहा है। वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने आदि शक्ति को प्रस्तुत किया। प्राणाहुति की विद्या उनके जाने के बाद विलुप्त हो गई थी, जिसे हमारे आदि गुरू ने खोजा और प्रस्तुत किया।

''दाजी'' ने ध्यान सत्र से पूर्व विस्तार से ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी चीज को अपनाने से पूर्व 100 बार उसका परीक्षण करना चाहिए और परीक्षण हो जाए तो फिर उसमें पूरी तरह समायोजित हो जाना चाहिए। चेतना की विभिन्न अवस्थाओं को इंगित करते हुए ''दाजी'' ने कहा कि हर चीज के साईड इफेक्ट होते है इसलिए उन्हें समझकर निर्विकार रूप से ध्यान को जीवन में आचरण करना चाहिए। सुबह का समय ध्यान, शाम का प्रतिक्रमण और रात्रि प्रार्थना के लिए होती है। भगवान ने ध्यान से केवल्य प्राप्त किया और सबको सीख दी कि वे भी ध्यान करें और केवल्य प्राप्त करे लेकिन इससे पहले धर्म और आध्यात्म को समझना जरूरी है। धर्म मान्यता सिखाता है और आध्यात्म अनुभूति कराता है। अनुभूति न होती तो कोई आध्यात्म की ओर नहीं जाता।

सुक्ष्म, लघु, एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने आरंभ में स्वागत भाषण देते हुए कहा कि ''दाजी'' का सानिध्य मिलना रतलाम का सौभाग्य है। जैन तीर्थंकरों ने जिस ध्यान परंपरा के साथ केवल्य को प्राप्त किया, ''दाजी'' उसी को आगे बढ़ाकर समृद्ध कर रहे है। जैन दर्शन के प्रति ''दाजी'' का अमूल्य योगदान सबके लिए प्रेरणा का कारण बनेगा।

मंत्री काश्यप ने किया पुस्तक विमोचन

ध्यान सत्र से पूर्व ''दाजी'' और बी.रतिनासबापथी द्वारा लिखित पुस्तक ''होली तीर्थकर्स'' इन द लाइट ऑफ हार्टफुलनेस 'पुण्यात्मन् तीर्थंकर और हार्टफुलनेस' के हिन्दी संस्करण का मंत्री श्री काश्यप ने स्थानीय विमोचन किया। ''दाजी'' ने विमोचन पश्चात पुस्तक की प्रति जैन समाज के श्रीसंघ प्रमुखों अशोक चौटाला, विनोद मेहता, हिम्मत गेलड़ा, अजय खिमेसरा, प्रकाश मूणत, सुशील छाजेड़, अशोक चौपड़ा एवं ओम अग्रवाल को भेंट की। इससे पूर्व हार्टफुलनेस और ''दाजी'' पर केन्द्रित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकास शैवाल एवं आभार युवा संगीतकार सिद्धार्थ काश्यप ने माना

एक नजर में

उत्कृष्ट कार्य करते हुए मध्य भारत प्रांत में भारत विकास परिषद ने बनाई विशेष पहचान

अध्यक्ष नाहर, सचिव सेठिया, कोषाध्यक्ष जोशी मनोनीत

इनकी रही उपस्थिति

परामर्शदाता संतोष मेडतवाल, अरविंद पाटीदार, निवर्तमान सचिव दिनेश भावसार, संगठन मंत्री नितेश धनोतिया, मार्गदर्शक यश जैन, प्रदीप शर्मा, दीपक साधु, मनीष जाजोदिया, जगदीश उपमन्यु, मनोज राठौर, गिरिराज उपाध्याय, मुकेश कुमावत, प्रदीप श्रीवास्तव, धर्मेंद्र गोटड़ीवाल, दिनेश सिसोदिया, सुदीप भारतीय, मनोज पांचाल, दिनेश सुराणा, उमेश अरोड़ा, मुकेश धाकड़, कमल शर्मा, विजय अरोड़ा, देवेंद्र भारद्वाज, प्रकाश अरोड़ा, मनीष त्रिवेदी, रामचंद्र पोरवाल, मनोहर बनोपा, कुलजीत गुरु, अनिल पोरवाल, कमल शर्मा, विशु व्यास, विकास, मनीष पाटीदार, निरंजन भाटी, दर्शन सोनी, अंकित जैन तथा मातृशक्ति से महिला प्रमुख दिव्या राठौर एवं विद्या तिवारी, हेमलता शर्मा, सरोज भारती, सविता पोरवाल, ज्योति अग्रवाल, माधुरी पांचाल, सरोज भारती, रितु सिसोदिया, सरिता कनौजिया, सोनीका गर्ग सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन वर्तमान कोषाध्यक्ष दीपक गर्ग द्वारा किया गया।

नवभारत न्यूज

जावरा। भारत विकास परिषद शाखा जावरा का वर्ष 2026-27 का निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र त्रिवेदी एवं मंदसौर शाखा के सचिव दिलीप सेठिया के मार्गदर्शन में अध्यक्ष पद पर शेखर नाहर, सचिव गोपाल सेठिया, कोषाध्यक्ष निलेश जोशी निर्वाचित हुए।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का संस्था की ओर से सम्मान किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार त्रिवेदी प्रांतीय संस्कार संस्कार प्रमुख ने बताया कि वर्ष 2025-26 में भारत विकास परिषद शाखा जावरा ने सेवा, संस्कार एवं समर्पण भाव से धार्मिक, सामाजिक एवं सनातन संस्कृति के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य करते हुए मध्य भारत प्रांत में विशेष पहचान बनाई। इसके लिए उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष पप्पूसिंह राठौर एवं उनकी टीम को बधाई दीं तथा नव निर्वाचित पदाधिकारियों को भी आगामी वर्ष में संस्था को नई ऊँचाइयों पर ले जाने हेतु प्रेरित किया। संस्था के संरक्षक मनोज अग्रवाल ने वर्ष भर किए गए सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नेत्रदान, रक्तदान, भारत को जानो, समूह गान आदि गतिविधियों के माध्यम से शाखा ने मध्य भारत प्रांत में उच्च स्थान प्राप्त किया है। निवर्तमान अध्यक्ष राठौर ने बताया कि सभी सदस्यों के सहयोग से अनेक सेवा, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। हमारी संस्कृति, हमारी विरासत, गुड़ी पड़वा, नववर्ष उत्सव एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से संस्था ने समाज में सकारात्मक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद एक ऐसी संस्था है जो सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं समाज सेवा के कार्यों के लिए निरंतर कार्यरत है। संस्था के मार्गदर्शक ईश्वरप्रसाद त्रिवेदी ने विश्वास व्यक्त किया कि वे भी पूर्व वर्ष की भांति उत्कृष्ट कार्य करेंगे।

जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में 12 से 55 वर्ष के प्रतियोगी हुए शमिल

जावरा। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर महावीर जयंती उत्सव समिति के तत्वावधान में स्व. सुशीलादेवी धारीवाल की पुण्य स्मृति में जिलास्तरीय निबंध प्रतियोगिता अहिंसा का महत्व एवं उसकी प्रासंगिकता विषय पर सांदीपनि स्कूल में आयोजित की।

जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में अनेक स्थानों के 12 से 55 वर्ष के सभी वर्ग के प्रतियोगियों ने भाग लिया। सरदारमल धारीवाल ने कहा कि उदेश्य हिंदी भाषा का प्रचार एवं शुद्ध लेखन, सुंदर लेखन को बढावा देना है। अपनी मातृभाषा को बढावा देना है। महावीर जयंती उत्सव समिति अध्यक्ष अभय कोठारी,डॉ. सुरेश मेहता, डॉ. सी.एम. मेहता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम मे महिला समिति संयोजक अर्चना कर्नावट, समिति सदस्य वर्षा रुनवाल, करिश्मा भंडारी, अंजू तांतेड, प्रमिला धारीवाल, चित्रा ओस्तवाल, सुप्रिया लुहाडिया ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया। समिति के सचिव शिखर धारीवाल एवं कोषाध्यक्ष कैलाश बारोड, प्रचार मंत्री रवि दुग्गड उपस्थित रहे। आभार प्रदीप सेठिया ने व्यक्त किया।

TEACHER RECRUITMENT

Qualified, Experienced and Dedicated Teachers are Required for Our Academy.
Required Teachers : All Subjects Teachers. Computer Teacher. Games/Physcial Education Teacher. Primary Teacher (Class 1 to 5). Middle & High School Teacher (Class 6 to 10)
Classes: Class 1 to 10. Salary: As per qualification & experience
Qualification : Graduation/Post Graduation in relevant subject. B.Ed/D.Ed mandatory. Experienced candidates will be preferred
Note: Candidates with B.Ed / D.Ed will be given preference.

DRONA ACADEMY
Bherukheda, Chichgohan, Dist. Khandwa, Cont. 62657 84909 (Dilip Sir)